हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ

दिनांकः— 13.11.2024

सूचना

"प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना"

निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0, के कार्यालय पत्रांकः 55028—55196/ ई—प्रशा0—सेवायोजन कानपुर दिनांक 11.11.2024 द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में संस्था के उत्तीर्ण छात्र—छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि "**प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना**" के अन्तर्गत इंटर्नशिप का पंजीकरण कराया जा रहा है। जिसके दिशा—निर्देश निम्नवत् हैंः—

1. ऐसे छात्र जिनकी उम्र 21 से 24 वर्ष के मध्य है एवं वह कोई भी फुलटाइम जॉब या फुलटाइम शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो एवं उसके परिवार को कोई भी सदस्य सरकारी सेवा में न हो अथवा वित्तीय वर्ष 2023—24 में परिवार की कुल आय रू 8.00 लाख से अधिक न हो के पात्र हैं एवं उपरोक्त योजना में ऐसे चयनित छात्रों को प्रतिमाह रू0 5000/— प्रदान किया जायेगा।

2. डिप्लोमा पासआउट छात्र जो बिन्दु संख्या—1 में अंकित शर्तों को पूर्ण करते हैं ऐसे छात्र ऑनलाइन पोर्टल www.pminternship.mca.gov.in पर पंजीकरण कर योजना का लाभ उठा सकते हैं।

अतः पंजीकरण कराने वाले समस्त छात्र—छात्रायें उक्त की सूचना अपने—अपने विभाग के विभागाध्यक्षों/प्रभारी को अनिवार्य रूप से प्रेषित कर दें। जिससे कि इस सम्बन्ध में आवश्यक सूचना निदेशालय को प्रेषित की जा सके।

(कुन्दन सिंह)
प्रधानाचार्य

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ।

1. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी को इस आशय के साथ कि संस्था के उत्तीर्ण छात्र—छात्राओं के Whatsapp ग्रुप पर उक्त सूचना शेयर करते हुए पंजीकृत छात्र—छात्राओं की सूचना अपने पास सुरक्षित रखें। जिसे अधोहस्ताक्षरी द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करना होगा।
2. संस्था वेबसाइट।

13.11.24

(कुन्दन सिंह)
प्रधानाचार्य

Principal
Hewett Polytechnic
Mahanagar Lucknow-6